161.

**निदेशक, खाद्य प्रसंस्करण, उद्योग विभाग की अध्यक्षता में दिनांक 18.06.2022 को जिला संसाधन सेवी (DRP) के साथ प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (पी0एम0एफ0एम0ई0) की सम्पन्न समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही :–**

उपस्थिति :–

1–दिलीप कुमार, निदेश, खाद्य प्रसंस्करण
2–श्री आलोक कुमार, विशेष सचिव, उद्योग विभाग।
3–श्री विनय कुमार मल्लिक, उप उद्योग निदेशक, खाद्य प्रसंस्करण, उद्योग विभाग।
4–श्री संजीत कुमार, सलाहकार, खाद्य प्रसंस्करण, उद्योग विभाग।
5–श्री अमरेन्द्र कुमार, उद्योग विस्तार पदाधिकारी, खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय।
6–श्री रंजीत कुमार रंजन, सहायक, खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय।
7–श्री अनुप कुमार, उद्यान निदेशालय, बिहार, पटना के प्रतिनिधि।
8–विभिन्न जिलों का संसाधन सेवी ।

कार्यवाही :–

इस योजना के क्रियान्वयन एवं संचालन में तेजी लाने हेतु जिला संसाधन सेवियों (DRP) के साथ पटना में मासिक बैठक तथा सप्ताहिक वीडियो कॉन्फ्रेंस (VC) आयोजित किया जाए।

2–नवनियुक्त जिला संसाधन सेवियों (डी0आर0पी0) का आई0डी0कार्ड एवं इस योजना के पोर्टल पर कार्य हेतु यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराया जाए।

3–नवनियुक्त जिला संसाधन सेवियों के लिए प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया जाए।

4–जिला संसाधन सेवी जिलों में महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र के सम्पर्क में रहें और उनसे आवश्यक निर्देश/सहयोग प्राप्त करें।

5– प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (PMFME) योजना में लाभुकों को बेहतर बाजार खादी मॉल और प्रदर्शनी/मेलों के माध्यम से उपलब्ध कराये जा सकते है।

6–प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (PMFME) योजना और खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय की योजनाओं की जानकारी विभाग के ट्विटर और फेसबुक पेज के माध्यम से सभी को दी जाए।

7– प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (PMFME) योजना में हाल में हुए बदलाव से अनेक जिला संसाधन सेवी भी परिचित नहीं है। एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित कर सभी को अद्यतन जानकारी दी जाए।

8– प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (PMFME) योजना का नया बुकलेट (संशोधित एवं परिवर्द्धित) प्रकाशित कर उन्हें सभी जिला उद्योग केन्द्रों और जिला संसाधन सेवी को उपलब्ध कराया जाए।

18/6/22

निदेशक
खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय
बिहार, पटना।

DFP/F.I.Scheme-09-02/2021

ज्ञापांक– 161 /पटना, दिनांक– 20/06/2022

प्रतिलिपिः– सभी संबंधित पदाधिकारी/प्रतिनिधि एवं सभी जिला संसाधन सेवी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/6/22

निदेशक
खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय
बिहार, पटना।

ज्ञापांक– 161 /पटना, दिनांक– 20/06/2022

प्रतिलिपिः– प्रधान सचिव, उद्योग विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

18/6/22

निदेशक
खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय
बिहार, पटना।

ज्ञापांक– 161 /पटना, दिनांक– 20/06/22

प्रतिलिपिः– आई0टी0 प्रबंधक, उद्योग विभाग को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित एवं निदेश दिया जाता है कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (PMFME) योजना और खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय की योजनाओं की जानकारी विभाग के ट्विटर और फेसबुक पेज के माध्यम से सभी को दी जाए।

18/6/22

निदेशक
खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय
बिहार, पटना।